इसी क्रम में राज्यान्तर्गत कतिपय जिले के शिक्षकों द्वारा भूतलक्षी प्रभाव से पदोन्नति तथा इसके आर्थिक लाभ प्राप्ति हेतु माननीय उच्च न्यायालय में वाद दायर किये जाने पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न वाद/ अवमाननावाद/एल.पी.ए. में वादी शिक्षकों को पदोन्नति एवं आर्थिक लाभ देने संबंधी न्याय निर्देश पारित होने के फलस्वरूप कतिपय मामलों में शिक्षकों को इसका लाभ देने संबंधी विभिन्न आदेश पारित हुआ। (सरकार के अवर सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) के पत्रांक 696 (विधि) दिनांक 23.08.2023 एवं तद्नुसार जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची के पत्रांक 2448 दिनांक 24.08.2023, पत्रांक 2163 दिनांक 26.07.2023 अवलोकनीय)।

माननीय उच्च न्यायालय में प्रोन्नति से संबंधित दायर वादों के निष्पादन के संबंध में राज्य के सभी उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिये गये निदेश के

Scanned with OKEN Scanner

तहत वैचारिक सहित विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने, मानक वरीयता सूची संधारित करने एवं वरीयता सूची का प्रकाशन प्रत्येक वर्ष नियत समय पर करने आदि के संबंध में दिशा-निर्देश निर्गत है। (विभागीय पत्रांक 936 (विधि) दिनांक 14.11.2022 एवं इस पत्र के साथ संलग्न अन्य विभागीय आदेश अवलोकनीय)।

विभागीय अधिसूचना संख्या 185, 186 एवं 187 दिनांक 01.07.2009 के द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश तथा विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार प्रोन्नति का लाभ भूतलक्षी प्रभाव से देने संबंधी आदेश निर्गत हुआ है तथा सम्प्रति इन सभी पदाधिकारियों को आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो चुका है। (अधिसूचना संख्या 185, 186 एवं 187 दिनांक 01.07.2009 की छायाप्रति अवलोकनीय)।

प्रोन्नति नियमावली के तहत प्रत्येक वर्ष प्रोन्नति हेतु वरीयता सूची का निर्माण समय से नहीं किया गया तो इसमें शिक्षकगण कहा दोषी है? विभाग द्वारा नियमों का अनुपालन नहीं किया गया तो इसका सारा ठीकरा प्रारंभिक शिक्षकों पर फोड़ना कहा तक न्यायोचित है? विभागीय शिथिलता के कारण सेवा के 25-30 वर्ष बीत जाने के बावजूद शिक्षक अपने आप को उसी पायदान पर पाते है जिसपर उनकी नियुक्ति हुई थी, क्या उन्हें प्रोन्नति पद और वेतनमान के साथ भूतलक्षी प्रभाव से नहीं दिया जाना उनके मन को ठेस नहीं पहुँचायेगा? इसके अतिरिक्त इन शिक्षकों के नियुक्ति के बाद नियुक्त शिक्षक अगर इनसे वरीय माने जायेंगे या होंगे, तो इनपर क्या बीतेगी?

....

निर्णय –

उपर्युक्त कंडिका-(1) एवं (2) में प्राप्त आपत्ति के संबंध में अंकित निर्णय से यह आपत्ति कंडिका भी पूर्णतः आच्छादित है।

(4) अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ, झारखण्ड प्रदेश, राँची निबंधन संख्या-59/2001-02

संगठन के माध्यम से कार्यालय को कुल 05 आवेदन पत्र (पत्रांक 31 दिनांक 05.10.2023, पत्रांक 32 दिनांक 06.10.2023, पत्रांक 33 दिनांक 11.10.2023, पत्रांक 34 दिनांक 11.10.2023 एवं पत्रांक 39 दिनांक 13.10.2023) प्राप्त हुए जिसका सारांश निम्नवत् है –

विभागीय अधिसूचना संख्या 1533 दिनांक 31.07.2014 द्वारा स्नातक प्रशिक्षित पद के विषयवार पद सृजित किये गये, जिसमें से आधे पदों पर 2016 में सीधी नियुक्ति से शिक्षक नियुक्त कर लिये गये लेकिन प्रोन्नति से भरे जाने वाले शेष 50 प्रतिशत पदों पर प्रोन्नति अधिकांशतः अद्यतन लंबित ही है, जो पूर्व से कार्यरत शिक्षकों के विलंबित प्रोन्नति एवं वरीयता निर्धारण के राह में एक समस्या के रूप में अनायास परिलक्षित हो रही है।

समाधानात्मक प्रस्ताव/सुझाव समर्पित करते हुए उनका कहना है कि अधिसूचना संख्या 1533 दिनांक 31.07.2014 के द्वारा हुए पद सृजन को आधार मानते हुए दिनांक 31.07.2014 को कुल उपलब्ध प्रोन्नति योग्य पदों पर अहर्ताधारी शिक्षकों को दिनांक 01.08.2014 के प्रभाव से वैचारिक रूप से ग्रेड-4 और ग्रेड-7 में प्रोन्नति देकर समस्या का समाधान किया जा सकता है क्योंकि एक ही साथ सृजित पदों पर सीधी नियुक्ति का कार्य पूर्ण हो जाना और प्रोन्नति कार्य का विलंबित रहने की विषमता का सहज समाधान न्यायप्रिय रूप से हो सकता है।

Scanned with OKEN Scanner

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पत्रांक 770(विधि) दिनांक 05.10.2023 द्वारा प्राथमिक शिक्षकों के प्रोन्नति के निमित मार्गदर्शन निर्गत की गई है जिसके बिन्दु 1(iv), 2, 15, 16 और 19 में प्रोन्नति देने की तिथि को मार्गदर्शित किया गया है। जो प्रसंगाधीन न्यायनिर्णयों एवं तदनुरूप निर्गत पूर्व के आदेशों के बिल्कुल प्रतिकूल है जिसका विवरण निम्नवत् है :-

मार्गदर्शन बिन्दु 1(iv) - ग्रेड-4 एवं ग्रेड-7 के पदों पर कोई वैचारिक प्रोन्नति देय नहीं है।

मार्गदर्शन बिन्दु 2, 15, 16 एवं 19 – ग्रेड-4 एवं ग्रेड-7 के रिक्त पदों पर वर्तमान वर्ष हेतु तैयार वरीयता सूची संख्या 2 एवं 4 के आधार पर वर्तमान वर्ष की 01 अप्रैल को Cut of Date के अनुसार आरक्षण एवं वरीयता देय होगा. . . . . . ।

जबकि उक्त मार्गदर्शन विभाग द्वारा स्वीकृत/ अनुपालित न्यायनिर्णयों एवं तथ्य संबंधी आदेशों के एकदम ही प्रतिकूल एवं अप्रत्याशित है जो निम्नवत् है –

न्याय निर्णय के अनुपालन में निर्गत विभागीय आदेश संख्या 619(विधि) दिनांक 26.08.2021 का बिन्दु (iii, v & vi). ग्रेड-3, ग्रेड-4 एवं ग्रेड-7 में देय नियमित प्रोन्नति संशोधित वरीयता सूची के अनुसार पद उपलब्धता की तिथि से वैचारिक रूप में प्रदान की जायेगी . . . . ।

नियमित प्रोन्नति के उपरांत सहायक शिक्षक योगदान नहीं करने की स्थिति में उनको वैचारिक प्रोन्नति देय नहीं होगी।

उक्त विभागीय आदेश को चुनौती देने वाली याचिका संख्या 4115/2021 को माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड द्वारा खारिज करते हुए सह-गुच्छित अन्य याचिकाओं में निम्न निर्देश पारित किये गये है –

> ***In the view of the fact that lead case being wps 4115 of 2021 along with wps 3365 of 2020 has been dismissed and it has been held that decision of the state dated 26.08.2021 needs no interferncen these writ are allowed with a decision to the respondent–state to consider the case of one or other teachers including the writ petitioner for grant of promotion in Grade-iv /grade-vii and further promotion in accordance with law and law laid down by this court.......***

उक्त याचिका/ याचिकाओं की सुनवाई के क्रम में विभाग द्वारा समर्पित पक्ष में भी शिक्षकों को वैचारिक रूप से पद उपलब्धता की तिथि से ग्रेड-4 और ग्रेड-7 में प्रोन्नति देने के विषय को तर्कपूर्ण रूप से समर्पित किया गया है (जो न्यायादेश में अंकित है)।

उक्त पारित न्यायादेश के आलोक में प्रोन्नति के निमित अग्रेतर अनुपालनात्मक कार्रवाई करने हेतु निदेशक, प्राथमिक शिक्षा का पत्रांक 714(विधि) दिनांक 29.08. 2023 भी निर्गत है।

पूर्व में भी वैचारिक रूप से पद प्रोन्नति को विभाग द्वारा मान्य एवं अनुपालित किये जाने का उदाहरण है –

प्रधान सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का पत्रांक 46 दिनांक 05.02.2020 विभागीय अधिसूचना संख्या 187, दिनांक 01.07.2009 एवं अधिसूचना संख्या 186 दिनांक 01.07.2009 निदेशक, प्राथमिक शिक्षा का पत्रांक 305(विधि) दिनांक 04.10.2017 ।

Scanned with OKEN Scanner

परन्तु उक्त के प्रतिकूल अनायास, अनापेक्षित एवं अनियमानुकूल, मार्गदर्शन पत्रांक 770(विधि) दिनांक 05.10.2023 निर्गत किया गया है, जो पूर्णतः समीक्षायोग्य एवं क्षान्त करने योग्य है। विभागीय मार्गदर्शन पत्रांक 770(विधि) दिनांक 05.10.2023 से उत्पन्न विसंगतियाँ एवं अकेतर, अवांछित परेशानियाँ- वर्ष 1988, 1994, 1999, 2004, 2009 एवं इन वर्षों में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त शिक्षक 2016 में नियुक्त कक्षा 6-8 के शिक्षकों से कनीय हो जायेंगे। जबकि 2016 की शिक्षकों की नियुक्ति नियमावली, 2012 के आलोक में हुई है और सेवा में वरीय उक्त वर्षों में नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति पूर्व के नियमावली से हुई है, जिसमें कक्षा 6-8 के पदों पर सीधी नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं था, यह विषय भी माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका संख्या 4115/2021 में विचारित हुआ जिसके उपरांत माननीय न्यायालय के *Finding of Court* के अन्तर्गत प्वाईंट 29 में माननीय न्यायालय का पक्ष निम्नरूपेण अंकित है -

..........the memberes of petitioner no. 1 and petitioner no. 2 personally were appointed much after the intereners and similarly sistuated teachers. Earlier there was no concept of direct appointment of teachers in Grade IV when the Interveners were appointed . The conceot of direct appointment of teachers for class 6 to 8 (i.e. Grade IV) came only after enactment of Right of children to free and compulsory Education Act 2009. Merely because the appointment of teachers in the year 2015 onwards, the case of those who were already in service right from 1994 onwords cannot be allowed to suffer.

उपरोक्त तथ्यालोक में आवेदक का कहना है कि विभागीय मार्गदर्शन पत्रांक 770(विधि) दिनांक 05.10.2023 के संबंधित बिन्दुओं को न्याय-निर्णयों/आदेशों के क्रम में क्षान्त करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाय।

....

निर्णय -

उपर्युक्त कंडिका-(1) एवं (2) में प्राप्त आपत्ति के संबंध में अंकित निर्णय से यह आपत्ति कंडिका भी पूर्णतः आच्छादित है।

(5) <u>झारखण्ड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, न्यू शास्त्री नगर, मधुकम रातू रोड, राँची निबंधन संख्या- 26/2001-02</u>

संगठन के माध्यम से कार्यालय को मात्र 01 आवेदन पत्र (पत्रांक 209 दिनांक 16.10.2023) प्राप्त हुआ है, जिसका सारांश निम्नवत् है -

विभागीय आदेश संख्या 619(विधि) दिनांक 26.08.2023 में स्पष्ट अंकित है कि भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति देय होगा। पत्र में अंकित भूतलक्षी प्रोन्नति से संबंधित स्पष्ट तथ्य निम्नवत् अंकित किया गया है-

शिक्षकों के पारस्परिक वरीयता निर्धारण के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में लगभग एक दशक तक वादों के लंबित रहने के कारण समय पर सहायक शिक्षकों की प्रोन्नति बाधित रही है, जिससे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उनके अनेक वादों में भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति देने का न्यायादेश प्राप्त होते रहा है। *W.P.(S) No. 7779/2011*। दिनेश चन्द्र महतो बनाम् राज्य सरकार एवं अन्य में पारित न्यायादेश को एल.पी.ए. संख्या 211/2019 एवं एस.एल.पी. संख्या 10742/2021 में रखा गया है। दिया गया मार्गदर्शन नियमानुकूल एवं विधिसम्मत नहीं है तथा यदि मार्गदर्शन के अनुरूप ग्रेड-4 एवं ग्रेड-7 में प्रोन्नति दी जाती है, तो यह माननीय उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के विपरीत होगा।

....

Scanned with OKEN Scanner

निर्णय –

उपर्युक्त कंडिका-(1) एवं (2) में प्राप्त आपत्ति के संबंध में अंकित निर्णय से यह आपत्ति कंडिका भी पूर्णतः आच्छादित है।

(6) श्री सुनील कुमार पाण्डेय, श्री कृष्ण कुमार झा एवं अन्य शिक्षकों से प्राप्त।

संगठन के माध्यम से कार्यालय को मात्र 01 आवेदन पत्र (पत्रांक 0 दिनांक 16.10.2023) प्राप्त हुए जिसका सारांश निम्नवत् है –

हम सभी राँची जिला के अन्तर्गत कार्यरत शिक्षक है। हमने माननीय उच्च न्यायालय में वाद संख्या W.P.(S) No. 6087/2022 दायर किया गया है जो लंबित है। इसमें सरकार को अपना काउंटर Affidavit file करने की विषय में आदेश दिया गया है। इस आदेश का अनुपालन करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक राँची के द्वारा जो काउंटर Affidavit file की गई है उसमें स्पष्ट किया गया है कि राँची जिलें में 01.08.2014 से शिक्षकों के पद रिक्त है। अतः हमारी प्रोन्नति 01.08.2014 से देय होगी, जो माननीय उच्च न्यायालय के विभिन्न आदेशों से अच्छादित है। ऐसे में विभाग के द्वारा भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति न दिये जाने का निर्देश माननीय उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय की विभिन्न आदेशों के प्रतिकूल है और अवमानना प्रतीत होता है।

हमारी प्रोन्नति को भूतलक्षी प्रभाव से न कहा जाय। यह भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति नहीं है। बल्कि विभागीय लापरवाही के कारण देर से दी गई प्रोन्नति है। विलंब से दी प्रोन्नति इस प्रकार है कि 1993 नियमावली के अन्तर्गत विभाग के प्रत्येक वर्ष नियम 05, 06, 07, 08 के अन्तर्गत कार्य संपादित करना है। प्रत्येक वर्ष के दिसम्बर में वरीयता सूची का निर्माण एवं प्रकाशन करना है, जिसके आधार पर प्रत्येक वर्ष अप्रैल में प्रोन्नति दी जाती है।

यह विदित है कि वर्ष 2016 में 16 वर्षो बाद हमें प्रोन्नति दी गई है। हमारी प्रोन्नति को बाधित करते हुए हमें एक ही पद और एक वेतनमान पर स्थिर करके रखा गया है, जो कि सरासर नियम विभागीय आदेश एवं विभिन्न न्यायादेशों के प्रतिकूल है। यह दिशानिर्देश मेरे वाद संख्या W.P.(S) No. 6087/2022 के भी प्रतिकूल है।

....

निर्णय –

उपर्युक्त कंडिका-(1) एवं (2) में प्राप्त आपत्ति के संबंध में अंकित निर्णय से यह आपत्ति कंडिका भी पूर्णतः आच्छादित है।

(7) श्री अरविन्द कुमार सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि

वर्ष 1994 में नियुक्त अप्रशिक्षित शिक्षक कक्षा 1-8 को भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति पद उपलब्धता की तिथि से मिलनी चाहिए।

नियमानुसार 8 वर्षो की सेवा के पश्चात ही हमें ग्रेड-4 में प्रोन्नति मिलनी चाहिए थी। विभाग द्वारा समय पर प्रशिक्षण नहीं देने के कारण हम प्रोन्नति से वंचित रहे हैं। इसमें मेरे तरफ से कहां लापरवाही बरती गई है?

विभाग के द्वारा यदि समय से प्रोन्नति हेतु वरीयता सूची का निर्माण कर प्रोन्नति दी जाती, तो हमें भूतलक्षी प्रोन्नति हेतु कोई प्रयास नहीं करना होता।

विभाग ने भी कोर्ट के आदेश अनुपालन में नियुक्ति तिथि से ग्रेड-1 देने का निर्णय लिया गया है। तथा अन्य उच्चतर ग्रेडों में भी प्रोन्नति देने को कहा है।

Scanned with OKEN Scanner

विभागीय ज्ञापांक १५३३ दिनांक ३१.०७.२०१४ द्वारा पदों का सृजन ग्रेड-४ में किया गया है तथा ५० प्रतिशत नियुक्ति से तथा ५० प्रतिशत प्रोन्नति भरा जाना है, अर्थात् जुलाई २०१४ से ही प्रोन्नति हेतु पर्याप्त पद है।

नई नियुक्ति नियमावली बनने के पश्चात आर.टी.ई. के तहत वर्ग ६-८ के शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। इनकी नियुक्ति २०१५ के दिसम्बर माह में हुई है, जबकि हमारी नियुक्ति इनसे २० वर्ष पूर्व ही हुई है। हम प्रोन्नति हेतु सभी योग्यता एवं अर्हता रखते है।

२० वर्षों की सेवा को दरकिनार कर आज कक्षा ६-८ में बहाल शिक्षकों को हमसे वरीय बनाना न्यायपूर्ण कदम नहीं है।

वित्त विभाग के नियम ७४ एवं ७८ के द्वारा भूतलक्षी प्रोन्नति देने में विभाग को परेशानी है। परन्तु पद उपलब्धता की स्थिति में विभाग के द्वारा समय पर प्रोन्नति नहीं देने के कारण यह नियम हमपर लागू नहीं है।

विभागीय आदेश संख्या ६१९(विधि) दिनांक २६.०३.२०२१ के कंडिका (IV) में भी पद उपलब्धता होने की स्थिति में वैचारिक प्रोन्नति देने का आदेश है।

४६००/- ग्रेड पेय में कक्षा ६-८ की शिक्षकों को सीधे नियुक्ति की गई है। उनकी नियुक्ति के लिए अलग से नियमावली बनी है तो प्रोन्नति नियमावली भी अलग से बनानी चाहिए थी। हाई स्कूल में भी ४६००/- ग्रेड में सीधे नियुक्ति होती है परन्तु वहाँ १२ वर्षों में प्रोन्नति दी जाती है यदि यहाँ ०५ वर्षों में प्रोन्नति दी जायेगी, तो हाई स्कूल के शिक्षक भी मांग करेंगे कि हमें भी पाँच वर्षों में प्रोन्नति दी जाय।

प्रोन्नति नियमावली १९९३ के अनुसार ग्रेड-४ में सीधे नियुक्त शिक्षक उपलब्ध नहीं रहने की स्थिति में करना है, जबकि प्रोन्नति हेतु योग्यता एवं अर्हता रखने वाले पर्याप्त शिक्षक हैं। कक्षा ६-८ में आर.टी.ई. के तहत नियमावली बनाकर सीधे नियुक्त की गई है। इसके लिए अलग से प्रोन्नति नियमावली बनाना चाहिए।

निर्णय –

उपर्युक्त कंडिका-(१) एवं (२) में प्राप्त आपत्ति के संबंध में अंकित निर्णय से यह आपत्ति कंडिका भी पूर्णतः आच्छादित है, सिवाय कक्षा-०६-०८ हेतु आर.टी.ई. के तहत नियुक्त उच्च प्राथमिक शिक्षकों की ग्रेड-०७ के पद पर प्रोन्नति हेतु नियमावली के गठन/संशोधित नियमावली के निर्माण एवं उनकी अगली प्रोन्नति हेतु कालावधि के निर्धारण को छोड़कर।

बैठक में झारखण्ड +२ विद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी नियुक्ति एवं सेवाशर्त नियमावली, २०१२ (यथासंशोधित नियमावली, २०२२ एवं २०२३), झारखण्ड सरकारी माध्यमिक विद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी नियुक्ति एवं सेवाशर्त नियमावली, २०१५ तथा झारखण्ड राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, १९९३ के सुसंगत प्रावधानों का अवलोकन किया गया, जो निम्नांकित है-

(क) झारखण्ड +२ विद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी नियुक्ति एवं सेवाशर्त नियमावली, २०१२ (यथासंशोधित नियमावली, २०२२ एवं २०२३) के नियम-११(I)(iii) के अनुसार, प्राचार्य, +२ उच्च विद्यालय के पद पर सीधी नियुक्ति हेतु +२ उच्च विद्यालय में स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक के रूप में न्यूनतम् ०८ वर्षों का शिक्षण अनुभव अनिवार्य है एवं प्रोन्नति हेतु इससे भी अधिक की न्यूनतम् कालावधि विहित है।

(ख) झारखण्ड सरकारी माध्यमिक विद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी नियुक्ति एवं सेवाशर्त्त नियमावली, 2015 (यथासंशोधित नियमावली, 2022) के नियम-10(I)(iii) के अनुसार, प्रधानाध्यापक, उच्च विद्यालय के पद पर सीधी नियुक्ति हेतु उच्च विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के रूप में न्यूनतम् 10 वर्षों का तथा अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला शिक्षकों के मामले में न्यूनतम् 07 वर्षों का शिक्षण अनुभव अनिवार्य है, जबकि प्रोन्नति हेतु नियम-10(III)(iii) के अनुसार, उच्च विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के रूप में न्यूनतम् 24 वर्षों का तथा अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला शिक्षकों के मामले में न्यूनतम् 18 वर्षों का शिक्षण अनुभव अनिवार्य है, जिनकी अनुपलब्धता की स्थिति में न्यूनतम् 18 वर्षों का शिक्षण अनुभव तथा अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला शिक्षकों के मामले में न्यूनतम् 15 वर्षों का शिक्षण अनुभव अनिवार्य विहित किया गया है।

(ग) झारखण्ड राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 के नियम-05(4) के अनुसार, प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय के पद पर प्रोन्नति हेतु स्नातकोत्तर प्रशिक्षित ग्रेड-06 अथवा ग्रेड-05 में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ग्रेड-04 से ग्रेड-07 में प्रोन्नति की दशा में ग्रेड-04 में न्यूनतम् 05 वर्षों की सेवा प्रोन्नति हेतु निर्धारित है।

झारखण्ड राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 के नियम-05(2) के अनुसार, ग्रेड-04, स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, मध्य विद्यालय के पद पर प्रोन्नति हेतु स्नातक प्रशिक्षित तथा ग्रेड-02 अथवा ग्रेड-03 में शिक्षक उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ग्रेड-01 से ग्रेड-04 में प्रोन्नति की दशा में ग्रेड-01 में न्यूनतम् 08 वर्षों की सेवा प्रोन्नति हेतु निर्धारित है।

बैठक में सर्वसम्मतिपूर्वक पाया गया कि स्नातकोत्तर प्रशिक्षित +2 उच्च विद्यालय, स्नातक प्रशिक्षित उच्च विद्यालय एवं इंटर प्रशिक्षित प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों को उनकी नियुक्ति के उपरांत अगली पद प्रोन्नति हेतु न्यूनतम् 08 अथवा 10 वर्षों की कालावधि विहित है, अतएव् सर्वसम्मतिपूर्वक निम्नांकित मार्गदर्शन दिए जाने एवं अनुपालन का निर्णय लिया गया -

(क) झारखण्ड राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 के नियम-05(4) के अनुसार, प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय के पद पर प्रोन्नति हेतु स्नातकोत्तर प्रशिक्षित ग्रेड-06 अथवा ग्रेड-05 में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ग्रेड-04 से ग्रेड-07 में प्रोन्नति की दशा में ग्रेड-04 में न्यूनतम् 05 वर्षों की सेवा प्रोन्नति हेतु निर्धारित है, जो इंटर प्रशिक्षित पद एवं वेतनमान से स्नातक प्रशिक्षित पद एवं वेतनमान् में प्रोन्नत शिक्षकों के मामले में यथावत् रहेगा।

परंतु झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक नियुक्ति नियमावली, 2012 (यथा संशोधित, 2014 एवं 2015) के सुसंगत प्रावधानों के अधीन सीधी नियुक्ति से नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित/उच्च प्राथमिक शिक्षकों के मामले में -

(i) जिनकी न्यूनतम् सेवा वरीयता सूची के निर्माण हेतु निर्धारित तिथि 31 दिसंबर अथवा प्रोन्नति दिए जाने के वर्ष के 31 मार्च

Scanned with OKEN Scanner

तक 10 वर्ष पूर्ण हो गयी हो, को ही ग्रेड-07, प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय पद पर प्रोन्नति हेतु तैयार की गयी वरीयता सूची (Zone of Consideration) में रखा जायेगा।

(ii) परंतु अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु ग्रेड-7 के आरक्षित पदों के विरुद्ध प्रोन्नति हेतु, ग्रेड-4 के पदों पर प्रोन्नति से अथवा सीधी नियुक्ति के आधार पर अपेक्षित कालावधि पूर्ण करने वाले शिक्षकों के अभाव में अनुसूचित जाति/जनजाति कोटि के सीधी नियुक्ति से नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित/उच्च प्राथमिक शिक्षकों को, जिनकी न्यूनतम् सेवा 31 दिसम्बर/31 मार्च तक 10 वर्ष पूर्ण हो गयी हो, को भी ग्रेड-7, प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय पद पर प्रोन्नति हेतु तैयार की गयी वरीयता सूची (Zone of Consideration) में रखा जायेगा, परंतु उनकी वरीयता ग्रेड-4 में पूर्व से प्रोन्नत शिक्षकों के उपरांत होगी।

(iii) एतद्विषयक प्रोन्नति नियमावली/समेकित प्रोन्नति नियमावली के गठन की कार्रवाई भी प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के स्तर से शीघ्र पूर्ण की जायेगी।

(ख) माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रांची द्वारा W.P.(S) No. 4115/2021 एवं अन्य संलग्न वाद में दिनांक 26.07.2023 को पारित आदेश के अनुपालन में इंटर प्रशिक्षित पद एवं वेतनमान् से स्नातक प्रशिक्षित पद एवं वेतनमान् में प्रोन्नत शिक्षकों के मामले में उनकी लगातार 20 वर्षों (08 वर्ष + 05 वर्ष, अर्थात 13 वर्षों से अधिक) की कुल सेवा पूर्ण हो गयी हो, को मात्र एकबारीय सुविधा के रूप में प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय पद पर प्रोन्नति हेतु, स्नातक प्रशिक्षित पद एवं वेतनमान् में 05 वर्षों की न्यूनतम् कालावधि पूर्ण किए जाने की शर्त को शिथिल किये जाने के संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशालय से एतद्विषयक अधिसूचना अथवा संकल्प अथवा प्रोन्नति नियमावली, 1993 के नियम 5(4) में परन्तुक के रूप में आंशिक संशोधन निर्गत किये जाने की कार्रवाई हेतु अनुशंसा की जाती है कि इसका लाभ मात्र पद पर योगदान करने वाले शिक्षकों (प्रधानाध्यापकों) को उनके योगदान की तिथि से प्राप्त होगा एवं कोई भी भूतलक्षी लाभ अथवा वेतन निर्धारण में मौलिक नियमावली के नियम-22(1)(ए)(i) का लाभ देय नहीं होगा। उनका वेतन निर्धारण मौलिक नियमावली के नियम-22(1)(ए)(ii) के अनुरूप होगा।

(ङ) <u>झारखण्ड प्रगतिशील शिक्षक संघ झारखण्ड प्रदेश, 9-बी. आशियाना अपार्टमेंट, हदरीश कॉलोनी, कांटाटोली, राँची, जिला- राँची, निबंधन संख्या - 348/2021</u>

झारखण्ड प्रगतिशील शिक्षक संघ के द्वारा तीन पत्र (पत्रांक 27 दिनांक 10.10. 2023, पत्रांक 28 दिनांक 13.10.2023 एवं पत्रांक 32 दिनांक 31.10.2023) प्राप्त हुआ है। उक्त पत्रों का सारांश निम्नवत् है -

विभाग द्वारा निर्गत मार्ग-दर्शन से ग्रेड-4 में एवं आर.टी.ई. अधिनियम के अनुरूप सीधी नियुक्ति से नियुक्त एवं वास्तविक रूप से विषय शिक्षकों की इन महत्वपूर्ण पदों विगत साढ़े सात वर्षों से अधिक समय से अपने उत्तरदायित्व का निर्वहण करते हुए कार्यरत है, को नियमसम्मत तरीके से वरीयता सूची में स्थान मिलना सुनिश्चित हुआ है। ग्रेड-4 जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भूतलक्षी/वैचारिक प्रोन्नति से वास्तविक रूप से कार्यरत शिक्षकों की वरीयता प्रभावित होती है।

मार्गदर्शन के क्रम संख्या 20 में 2015-16 में नियुक्त अहर्ताधारी इंटर प्रशिक्षित शिक्षकों को आगे ग्रेड-4 में प्रोन्नति के लिए वर्ग 6-8 हेतु (जे.टेट) उत्तीर्ण करने का प्रावधान रखा गया है। जो शिक्षक पहले से वर्ग 6-8 के लिए जे.टेट उत्तीर्ण है, उन्हें तो सीधे अवसर मिलेगा ही, परन्तु वैसे शिक्षक जो केवल जे.टेट (1-5) उत्तीर्ण है, उनको भी शैक्षणिक अनुभव के आधार पर अग्रेतर प्रोन्नति हेतु विचार किया जाना चाहिए।

आर.टी.ई एक्ट के अनुपालनार्थ स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के कुल सृजित 7926 पदों में से 50 प्रतिशत अर्थात 3963 पद प्रोन्नति हेतु रखे गये है। 2015-16 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के इन्ही पदों पर प्रोन्नति हेतु वर्तमान में टेट का प्रावधान नहीं है। अतः 2015-16 में नियुक्त शिक्षकों के अग्रेतर प्रोन्नति के लिए भी यह प्रावधान क्षान्त किये जाने पर विचार किया जाना चाहिए।

मार्गदर्शन के क्रम संख्या 8 एवं 9 में अंकित है कि प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के अधीन जे.टेट आधारित समेकित मेधांक पर नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित (ग्रेड-4) शिक्षकों की पारस्परिक वरीयता नियुक्ति के समय तैयार मेधा सूची प्रविष्ट मेधा अंक के अनुरूप होगा परन्तु इसमें यह ध्यान रखना आवश्यक होगा कि - इन शिक्षकों की नियुक्ति 2015-16 के दौरान विभिन्न जिलों में 6 से 7 चरणों में हुए काउन्सेलिंग के माध्यम से कुल छह मेधा सूचियों (यथा - पारा विज्ञान, पारा कला, पारा भाषा, नन-पारा विज्ञान, नन-पारा कला-नन, पारा भाषा) के आधार पर हुई है। परन्तु शिक्षकों ने सभी काउन्सेलिंग के पश्चात योगदान एक ही समय पारा और नन-पारा कोटि में दिया है। अतः मेधांक को आधार बनाकर पारस्परिक वरीयता निर्धारण करने और इस आधार पर वरीयता सूची के निर्माण में कई विसंगतियाँ हो सकती हैं। इसमें अग्रेतर प्रोन्नति के दौरान आरक्षण रोस्टर के अनुपालन में भी त्रुटि होने की संभावना है। क्योंकि नियमानुसार आरक्षित कोटि के शिक्षकों को अधिक मेधांक होने के बावजूद भी अनारक्षित कोटि में नहीं लाया जा सकता है। यदि उनके पास टेट उत्तीर्णांक के लिए जो अहर्ता अनराक्षित के लिए निर्धारित है, वह उनके पास नहीं है। सनद रहे कि टेट में अनारक्षित के लिए 60 प्रतिशत (90 अंक) और आरक्षित कोटी के लिए 52 प्रतिशत (78 अंक) निर्धारित है।

इसके अतिरिक्त कई जिलों में नियुक्ति के समय ओ.बी.सी. आरक्षण था, परन्तु उसी जिलें में प्रोन्नति में यह आरक्षण नहीं है। इस परिस्थिति में यदि वहां के उक्त कोटि के शिक्षक अनारक्षित कोटि हेतु आवश्यक अहर्ताएं नहीं रखते है तो उनको प्रोन्नति सूची में कैसे स्थान मिलेगा और उनके नामों पर किस प्रकार विचार किया जायेगा। इस पर स्पष्टता लाना आवश्यक होगा। अतः उपरोक्त वर्णित परिस्थितियों में ग्रेड-4 से ग्रेड-7 की प्रोन्नति में जिन शिक्षकों की जिस कोटि में नियुक्ति हुई है उसी कोटि में ही प्रोन्नति देना श्रेस्कर होगा।

इनके द्वारा निम्नांकित सुझाव भी दिया गया है -

1. विभिन्न ग्रेडों में लंबित प्रोन्नति को उपरोक्त वर्णित विभागीय मार्गदर्शन के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु एवं जिला शिक्षा अधीक्षकों को निदेशित करते हुए कैलेण्डर जारी कर एवं राज्य स्तर से निगरानी करते हुए इसे ससमय पूरा करने हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जाय।
2. उक्त कार्य को ससमय सम्पन्न कराने से राज्य के मध्य विद्यालयों वर्तमान समय में रिक्त 95 प्रतिशत से अधिक रिक्त प्रधानाध्यापकों के पद भरे जा सकेंगे। इससे विद्यालय में गुणवत्त शिक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

3. जिलों में प्रोन्नति का कार्य ग्रेड–7 से प्रारंभ कर नीचे के ग्रेड में प्रोन्नति देने का विचार किया जाना चाहिए। इससे ग्रेड–4 में कार्यरत शिक्षक जब गेड–7 में प्रोन्नत हो जायेंगे तो ग्रेड–4 रिक्तियों में वृद्धि होगी और अधिक से अधिक संख्या में योग्यताधारी शिक्षकों प्रोन्नति का लाभ मिल सकेगा।

निर्णय –

उपर्युक्त कंडिका-(1), (2) एवं (7) में प्राप्त आपत्तियों के संबंध में अंकित निर्णय से यह आपत्ति कंडिका भी पूर्णतः आच्छादित है। प्रोन्नति में आरक्षण के अनुपालन तथा वरीयता सूची के निर्माण के संबंध में अंकित संशय/संभावना पूर्णतया निर्मूल है। विभागीय पत्रांक 770(विधि) दिनांक 05.10.2023 के द्वारा निर्गत मार्गदर्शन पूर्णतः समुचित एवं यथेष्ट है तथा उसमें कोई अन्य परिवर्तन अपेक्षित नहीं है।

09/11/2023
(शिवेन्द्र कुमार)
क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक,
पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर

09.11.23
(कमला सिंह)
सलाहकार,
जे.सी.ई.आर.टी.

(मसूदी टुडू)
सहायक निदेशक
(एकेडमिक),
जे.सी.ई.आर.टी.

9/XI/23
(बांके बिहारी सिंह)
सहायक निदेशक (एकेडमिक),
जे.सी.ई.आर.टी.

9/11
निदेशक,
प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, झारखंड, रांची

9/11/2023
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, झारखंड, रांची

9/11/23
सचिव
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखंड, रांची

Scanned with OKEN Scanner